गुरुगृह गयउ पढन रघुराइ । अलपकाल विद्या सब आई ।।
जाकी सहज स्वास श्रुति चारि । सो हरि पढ यह कौतुक भारि ।।
(मानस आचार्य | राम कथा 917 - गांधीनगर, गुजरात | मोरारी बापू)

सांध्य दैनिक

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 310 | इंदौर, शनिवार 20 मई, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

Headline

1. G7 Summit 2023 : जापान दौरे पर कोरिया, वियतनाम के नेताओं से मिले पीएम मोदी, इन मुद्दों पर हुई बातचीत
2. Karnataka : उद्धव-अखिलेश समेत ये बड़े नेता शपथ ग्रहण में होंगे शामिल, पर न्योता न मिलने पर इस राज्य के CM नाराज
3. G-20 : कश्मीर की जी20 बैठक से बौखलाया चीन, बोला- विवादित क्षेत्रों पर होने वाले आयोजनों में नहीं होंगे शामिल
4. चंडीगढ़ में बेखौफ चोर : पंजाब आर्म्ड पुलिस मैस के बाहर लगी 300 किलो की हैरिटेज तोप चोरी, नहीं लगा था CCTV
5. Manipur : हिंसा के बाद हाइवे बंद, मणिपुर में जीवन रक्षक दवाओं की भारी कमी, सौ रुपए किलो बिक रहे आलू!
6. UP News : पूर्व CM अखिलेश यादव की ताई का निधन, लंबे समय से बीमार थीं समद्रा देवी, 11
7. Chennai : आखिर क्यों बेचना पड़ा गूगल के CEO सुंदर पिचाई को अपना पुश्तैनी घर, कागजात सौंपते समय रोते दिखे पिता

शहर की सड़कें पहले से ज्यादा व्यस्त

10 प्रमुख स्थानों पर फुटओवर ब्रिज बनाने का प्लान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर में जिस तरह वाहनों की संख्या बढ़ रही है उसको देखते हुए शहर की लगभग सभी प्रमुख सड़कें पहले से ज्यादा व्यस्त हो गयी हैं।। सड़कों पर गाड़ियां दौड़ने के कारण पैदल चलनेवाले लोगों को रोड पार करने के लिए भी लंबा इंतजार करना पड़ता है । इस तरह की समस्याओं से बचाने के लिए शहर में फूट ओवर ब्रिज का होना बहुत जरुरी है। पैदल यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम ने 10 प्रमुख स्थानों पर फुटओवर ब्रिज बनाने का प्लान तैयार किया है। हालांकि यह प्रोजेक्ट कागजो पर है। प्लान के मुताबिक पीपीपी मॉडल पर बनाये जाएंगे। टेंडर के माध्यम से कम्पनियो बुलाया जाएगा।। जो कम्पनी ब्रिज बनाएंगी उसे ही ब्रिज के दोनों तरफ विज्ञापन के अधिकार होंगे।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव का सपना है कि इंदौर स्वच्छता की तरह ट्रेफिक में भी नंबर वन बने। वे पहले दिन से ही शहर की ट्रेफिक व्यवस्था पर जोर दे रहे है । प्रोजेक्ट को धरातल पर लाने के लिए निगम टेंडर प्रक्रिया शुरू कर रहा है। महापौर का मानना है की फुट ओवर ब्रिज ट्रेफिक व्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा है जो जनता से जुड़ा हुआ है । हाल में हुए बजट सम्मेलन में महापौर ने अपने सालाना बजट में पैदल यात्रियों की सुरक्षा हेतु फुट ओवर ब्रिज के लिए प्रावधान रखा है। निगम ने जो स्थान चिन्हित किए है, उन स्थानों को महापौर ने हरी झंडी दे दी है ।

शहर में जरुरी है फुट ओवरब्रिज

शहर में फूट ओवर ब्रिज नहीं होने के कारण सड़क पार करते वक्त हादसे का शिकार हो जाते है। वाहनों की रफ्तार, नशे में ड्राईविंग, हादसों के प्रमुख कारण है। कई बार रोड पर अंधेरा होने कारण सामने से लाइट लगने पर वाहन चालक को पैदल यात्री दिखाई नहीं देते और दुर्घटना हो जाती है। टैफिक विशेषज्ञ का मानना है की इंदौर जैसे बढ़ते शहर में फुट ओवर ब्रिज का होना जरुरी है। इस व्यवस्था से फायदे ज्यादा और नुकसान कम है। सबसे बड़ा फायदा यह है की पैदल यात्रियों को रोड पार करते समय ट्रेफिक में घुसना नहीं पड़ेगा, वाहनों का जाम भी नहीं लगेगा और दुर्घटनाओं में कमी भी आएंगी। इसलिए 40 लाख की आबादी वाले इंदौर शहर में फूट ओव्हर ब्रिज होना बेहद जरुरी है।

● टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू होंगी

शहर में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं से सबक लेकर नगर निगम ने काम शुरू कर दिया है। निगम के वरिष्ठ इंजीनियर अनूप गोयल ने बताया की फूट ओवर ब्रिज प्रोजेक्ट के लिए शहर के 10 प्रमुख स्थानों का चयन कर लिया गया है। इसके लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जा रही है। ब्रिज के लिए वे स्थान चुने गए है जहां पर यातायात के दबाव के साथ साथ पैदल चलने वाले लोगों को रोड क्रॉस करने में परेशानी आती है। फुट ओवर ब्रिज का निर्माण पीपीपी मॉडल पर किया जाएंगा। जो भी कम्पनियां शहर में ब्रिज का निर्माण करेंगी उन्हीं के पास विज्ञापन के भी अधिकार रहेंगे। फुट ओवर ब्रिज पर पैदल चलने वालों को एस्केलेटर और एलीवेटर की सुविधा मिलेगी या नहीं ठेकेदार कम्पनी पर निर्भर करेंगा।

● अभी केवल तीन फूट ओवरब्रिज

शहर में केवल तीन फुट ओवर ब्रिज बने हुए है । ये तीनो ब्रिज ट्रेजर आइलेंड (टीआई) 56 दुकान तथा कलेक्टोरेट पर है। हालांकि टीआई वाले ब्रिज पर एस्केलेटर लगा हुआ है जबकि कलेक्टोरेट और 56 दुकान वाले ब्रिज पर उतरने व चढन्ने के लिए न तो लिफ्ट है और न ही एस्केलेटर है। ऐसे कई पैदल यात्री आते जाते है जिन्हें सिढियों पर चढन्ने - उतरने में परेशानी होती है। इस कारण इन दोनों ब्रिज का उपयोग बहुत कम होता है। शहर में बनने वाले 10 नए ब्रिज पर क्या व्यवस्था रहेगी ये प्रोजेक्ट की डीपीआर बनने पर पता चलेगा।

15 साल बाद हमारे घर में काम करेगा रोबोट, आदमी का जीवन होगा 200 साल

● दुनिया का सबसे तेज सुपर कंप्यूटर अगले 5 साल में भारत में बनेगा- सेन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर । **रैंक बैंक के संस्थापक नरेंद्र सेन ने कहा है कि 15 साल बाद हम लोगों के घर पर रोबोट काम करने लगेगा और आम नागरिक का जीवन 200 साल का हो जाएगा । दुनिया का सबसे तेज सुपरफास्ट कंप्यूटर अगले 5 साल में भारत में बन जाएगा ।**

सेन आज यहां जाल सभा ग्रह में अभ्यास मंडल द्वारा आयोजित 62 वीं ग्रीष्मकालीन व्याख्यानमाला में डिजिटल इकोनामी में भारत का योगदान व अवसर विषय पर संबोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि मैंने एक आर्टिकल पड़ा था जो कि सिंगापुर से लिखा गया था । उसमें कहा गया था कि डाटा सेंटर के लिए भारत ठीक जगह नहीं है । यह बात उस स्थान से लिखी गई थी जहां से 200 गुना ज्यादा आबादी हमारे देश की है । उस समय पर हम अमेरिका के डाटा सेंटर से अपना काम करते थे । इस पर मैंने खुद ही अपने मित्र के घर में डाटा सेंटर खोला । यह डाटा सेंटर ऐसा होना चाहिए जो कि 24 घंटे सातों दिन काम करें । कभी भी यह बंद नहीं होना चाहिए जहां पर हमने डाटा सेंटर खोला था वहां पर डीपी उड़ जाने से 2 दिन तक सेंटर बंद रहा । हमारे पास जितने ग्राहक आए थे उसमें से आधे भाग गए । इसके बाद हमने डाटा सेंटर का मॉडल समझा । अब समस्या यह थी कि जहां पर जमीन थी वहां बिजली नहीं थी और जहां जमीन और बिजली थी वहां इंटरनेट नहीं था । जहां यह सब कुछ था वहां पर कीमत बहुत ज्यादा थी । ऐसे में एक डाटा सेंटर बनाने के लिए कम से कम 25 करोड रुपए की जरूरत पड़ रही थी । हमने मध्य प्रदेश सरकार के समक्ष प्रेजेंटेशन देकर प्रदेश में डाटा सेंटर बनाने के लिए आवाज उठाई और उसी के बाद में हमारा डाटा सेंटर बना सका ।

उन्होंने कहा कि हमारे देश की 70त्न आबादी 30 वर्ष से कम उम्र की है । यह आबादी हर दिन कम से कम 3 से 4 घंटे इंटरनेट पर बिता रही है । अमेरिका की किसी भी तकनीकी कंपनी के लिए भारत एक बड़ा मार्केट है क्योंकि चीन ने बाहर की कंपनियों के लिए अपने दरवाजे बंद कर रखे हैं । दूसरे देशों से आने वाली कंपनियों के कैपिटल से हमारी जीडीपी पड़ेगी और रोजगार भी मिलेगा । इस समय यह स्थिति है कि जिसके पास डाटा है वह सुपर पावर बनता है । हम अक्सर सुनते हैं कि बैंक की लिंक फेल हो गई या किसी पोर्टल का सर्वर डाउन है तो वह सभी डाटा सेंटर के कारण ही होता है । इस समय सरकार के द्वारा डाटा प्रोटेक्शन एक्ट भी लाया जा रहा है ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत शब्बीर हुसैन, शरद सोमपुरकर, सुभाष चंद्र भाचावत, अक्षय जायसवाल, प्रत्युष जैन ने किया । अतिथि को स्मृति चिन्ह देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कुलपति डॉक्टर रेणु जैन एवं वरिष्ठ पत्रकार सद्गुरु शरण ने भेंट किया । कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर पल्लवी अढाव ने किया । अंत में आभार प्रदर्शन अजीत सिंह नारंग ने किया ।

● शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त करने के क्रम में निगम की बड़ी कार्यवाही ...

250 किलो प्रतिबंधित पॉलिथीन डिस्पोजल का विक्रय करने पर 6 दुकानदार फंसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर । **महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह के निदेर्शानुसार शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने के क्रम में समस्त स्वास्थ्य अधिकारी सीएसआई को अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिबंधित एवं अमानक स्तर की पॉलिथीन कैरी बैग एवं डिस्पोजल का विक्रय करने एवं संग्रहण करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे।**

इसी क्रम में आज स्वास्थ्य अधिकारी गौतम भाटिया के निर्देशन में जोन क्रमांक 11 के अंतर्गत रानीपुर क्षेत्र में स्थित दुकानों की छापामार कार्रवाई करते हुए 6 दुकान एवं गोडाउन जिनमें यूनाइटेड सेल्स, सतनाम ट्रेडर्स, न्यू लक्ष्मी एजेंसी, रायल ट्रेडर्स एवं बुदानी ट्रेडर्स मैं 250 किलोग्राम से अधिक अमानक स्तर की पॉलिथीन कैरी बैग एवं डिस्पोजल जब्त तक कर निगम एवं पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के साथ कूल रुपए 1 लाख 40 हजार का स्पोर्ट फाइन किया गया। कार्यवाही के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी श्री गौतम भाटिया, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अधिकारी, झोन 11 सीएसआई आशीष कापसे, सहायक सीएसआई हर्षित लोधी चेतन जायसवाल एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

फलों का राजा है आम, गर्मी में देता है ठंडकः पुलिस कमिश्नर

● मैंगो जत्रा में फलों के राजा आम का चखा स्वाद,खूब खरीदे हापुस आम

इंदौर। **मराठी सोशल ग्रुप का सालाना आयोजन मेंगो जत्रा ग्रामीण हाट बाजार, ढक्कन वाला कुआ, साउथ तुकोगंज पर शुरू हुआ। यह आयोजन 21 मई तक प्रतिदिन सुबह 9 से रात्रि 10 बजे तक चलेगा।**

ग्रुप के सुधीर दांडेकर एवं राजेश शाह ने बताया कि मेंगो जत्रा का उद्घाटन पुलिस कमिश्नर मकरंद देउस्कर और श्रीमती निधि देउस्कर द्वारा किया गया। जत्रा में करीब 24 से अधिक आम उत्पादको ने हिस्सा लिया । मेंगो जत्रा में रत्नागिरी, देवगढ़ (कोंकण) के आम उत्पादक वहां के विशिष्ट हापूस आम और अन्य उत्पाद लेकर ग्राहक को विक्रय करते है। जत्रा के पहले ही दिन सुबह से ही इंदोरियो ने गर्मी के राजा आम का स्वाद चखा और खबू हापुस आम खरीदे भी।इस बार कृषकों ने बढ़ चढ़ कर मेंगो जत्रा में हिस्सा लिया है। आयोजन में पुलिस कमिश्नर मकरंद देउस्कर ने कहा कि फलों का राजा है आम, यह फल गर्मी में बहुत ठंडक देता है, हापुस आम पूरे प्रदेश के साथ देश भर में भी प्रसिद्ध है, यह जो मैंगो जत्रा लगा है यहां इंदौरियो को एक ही जगह पर हापुस आमो की वैरायटी मिल जाएगी। मराठी सोशल ग्रुप द्वारा 10 वर्षो से आयोजित किया जा रहा यह आयोजन बहुत ही सराहनीय कार्य है आयोजकों की मेहनत से स्वाद के शौकीनों का जबरजस्त प्रतिसाद मैंगो जत्रा को मिलता है। समीर देशकुलकर्णी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्था की और से नाम मात्र शुल्क पर चखने हेतु हापुस आम उपलब्ध रहा और लोगो ने इसका खूब लुत्फ उठाया ।

श्रीमती तृप्ति महाजन और सुमेधा बावकर ने बताया कि मराठी व्यंजन एव इंदौरी चाट चौपाटी का भी मेंगो जत्रा में समावेश किया गया । मराठी व्यंजनों में जैसे झूणका भाकर ठेचा, अप्पे, श्रीखंड पूरी, मेंगो मस्तानी, अनारसे आदि उपलब्ध रहें इसके अलावा इंदौरी चाट चौपाटी में विभिन्न आइटम भी उपलब्ध रहे लोगो ने इसका भी आनंद लिया।

दिग्विजय के भाई बोले-मैं सिंधिया को मिस करता हूं

● लक्ष्मण सिंह ने कहा- भाजपा के सैकड़ों नेता आना चाहते हैं, सिंधिया समर्थक भी संपर्क में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **कर्नाटक चुनाव में बजरंग दल और द केरला स्टोरी के मुद्दे पर बीजेपी नेताओं पर कांग्रेस हमलावर है। इस बीच, मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम और कांग्रेस के सीनियर लीडर दिग्विजय सिंह के छोटे भाई लक्ष्मण सिंह ने बड़ा बयान दिया है। लक्ष्मण सिंह शुक्रवार को इंदौर में थे। यहां उन्होंने ज्योतिरादित्य सिंधिया को लेकर कहा- मैं सिंधिया को मिस करता हूं, क्योंकि सिंधिया जी से कांग्रेस को लाभ था, उनका एक पोटेंशियल है। वो बड़े अच्छे वक्ता हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी के सैकड़ों नेता कांग्रेस में आना चाहते हैं। कई सिंधिया समर्थक भी संपर्क में हैं।**

● बीजेपी में गए 90त्न नेता चुनाव हारेंगे

सिंधिया को लेकर पूछे सवाल पर लक्ष्मण सिंह ने कहा कि सिंधिया के बीजेपी में आने पर ग्वालियर-चंबल संभाग में कांग्रेस को फायदा मिला है। सिंधिया नहीं हारेंगे, क्योंकि वे चुनाव नहीं लड़ रहे। उनके लोग जनता के बीच जा रहे हैं। उनकी दुर्दशा क्या हो रही है, ये सब देख रहे हैं।

ग्वालियर-चंबल में बीजेपी की ज्यादा सीटें नहीं आने वाली। अधिकतर जो इनके लोग बीजेपी में गए हैं, 90त्न लोग हारेंगे। सभी का जनाधार खिसका है। चुनाव के बाद सिंधिया को गलती का एहसास होगा। ?????लक्ष्मण सिंह आगे कहते हैं कि मैंने सिंधिया परिवार को कभी गद्दार नहीं कहा। जो हो गया, हो गया, हम आगे की सोचें।

● बजरंग दल एंटी नेशनल नहीं

बजरंग दल को लेकर हो रही सियासत पर लक्ष्मण सिंह ने कहा- मेरे ख्याल से ऐसी जरूरत नहीं है कि बजरंग दल को प्रतिबंधित किया जाए। ये एंटी नेशनल मूवमेंट नहीं है। उनकी दो-तीन बातें होती हैं। हिंसा नहीं करना चाहिए। यदि कोई ऐसा करता है, तो उसके लिए पुलिस है, लेकिन किसी भी संस्था को, जो एंटी नेशनल नहीं है। अगर कोई एंटी नेशनल है, तो उसे बैन कीजिए। उसे जेल में डालिए। उसके लिए एनआईए यदि कहता है कि बजरंग दल को बैन कीजिए, तो करिए। जब एनआईए नहीं कह रहा और इनका मुझे कुछ ऐसा एंटी नेशनल नहीं दिखता।

● केरला में धर्म परिवर्तन की घटनाएं होती हैं

द केरला स्टोरी फिल्म पर लक्ष्मण सिंह ने कहा- मैंने केरला में चाय की कंपनी में 1975 में नौकरी की है। वहां एक जगह है वांडिबेरियार, बेरियार सेंचुरी है। तब हम ये सब चीजें सुनते थे। वहां कई ऐसे परिवार हैं जो उसके शिकार हुए हैं। ये नई बात नहीं हैं। मैंने फिल्म नहीं देखी, इसलिए मुझे नहीं मालूम कि उसमें क्या दिखाया है, लेकिन ये वहां होता है, ये गलत है। इस तरह की घटनाएं केरला में होती हैं। मेरे ख्याल से इनपर नियंत्रण होना चाहिए।

● कांग्रेस की आइडियोलॉजी नहीं- पवैया

लक्ष्मण सिंह के बयान पर पूर्व मंत्री और बजरंग दल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया ने कहा- कांग्रेस की कोई आइडियोलॉजी नहीं है। कांग्रेस की कोई विचारधारा नहीं है। कांग्रेस इस तरह के फैसले और अनर्गल बातें करती है, जो दिशाहीन है। किसी नेता के समझ में तो आया, ये अच्छी बात है।

कमल नाथ के पास पहुंचा पत्रकार की पिटाई का मामला

इन्दौर। सांवेर चंद्रावतीगंज में पुलिस वालों द्वारा की गई मारपीट का मामला गरमा गया है। डीआईजी ने जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को भी शिकायत की गई है। सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने के आरोप में चंद्रावतीगंज के पुलिसकर्मी,रामविलास जाठ, गोविंदसिंह चौहान, मेहताबसिंह ,प्रकाश और उनके अन्य साथियों ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायत बंद करवाने के सील-सिले में जितेन्द्र के घर की दीवार तोड़कर अंदर घुसकर मारपीट की थी जिसके बाद पत्रकार जीतू पटेल को पुलिसकर्मी घर से उठा लेगये थे और थाने में टीआई मंशाराम ओर रामविलास जाठ, गोविंदसिंह चौहान, मेहताबसिंह ,प्रकाश और उनके अन्य साथियों ने पत्रकार जीतू पटेल की पिटाई की थी । जिसकी शिकायत एसपी,डीआईजी चंद्रशेखर सोलंकी को की थी परन्तु नो दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्य वाही नही हुई अब पत्रकार की पिटाई वाला मामला प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के पास पहुचा तीनो विधायको ने ओर जिला अध्यक्ष ने पत्रकार को न्याय दिलाने का अस्वासन दिया और कमल नाथ को बताया कि इन्दौर का प्रसाशन किस तरह से तानाशाह बना हआ है ।

गोविंद मालू भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा जी द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता गोविंद मालू को भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। गोविंद मालू पूर्व में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी ,खनिज निगम के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) जैसे विभिन्न दायित्वों पर रहे हैं। गोविंद मालू की नियुक्ति पर नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे, कृष्णमुरारी मोघे, बाबूसिंह रघुवंशी,सांसद शंकर लालवानी, विधायक रमेश मेंदोला, आकाश विजयवर्गीय, श्रीमती मालिनी गौड़, महेन्द्र हार्डिया, सुदर्शन गुप्ता, मधु वर्मा आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

बिजली कंपनी के आउटसोर्स लाइन स्टाफ को अब एक हजार रुपये मिलेगा जोखिम भत्ता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बिजली कंपनी के लिए काम करने वाली बाहरी एजेंसी के लाइन स्टाफ को अब एक हजार रुपये मासिक जोखिम भत्ता मिलेगा। मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के बोर्ड ने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। शुक्रवार को कंपनी के बोर्ड की बैठक प्रदेश के ऊर्जा सचिव रघुराज एमआर की अध्यक्षता में हुई। कंपनी के कामकाज में आनलाइन प्रणाली को बढ़ावा देने पर भी बोर्ड ने जोर दिया।

कंपनी ने बोर्ड के सामने आउट सोर्स पर काम कर रहे लाइन कर्मियों के लिए जोखिम भत्ता स्वीकृत करने का प्रस्ताव रखा था। दरअसल, बिजली कंपनी में ज्यादातर सुधार, मेंटेनेंस का काम आउटसोर्स कर्मचारी ही कर रहे हैं। खंबे पर चढ़कर काम करने वाले ऐसे कई कर्मचारियों की बीते वर्षों में मौत भी हो चुकी है। बिजली कंपनी अब तक इन्हें अपना कर्मचारी नहीं मानती है। ऐसे में इन्हें वेतन भत्ते और बीमा जैसे लाभ कंपनी की ओर से नहीं मिलते। बोर्ड ने शुक्रवार को निर्णय लिया कि आइटीआइ प्रशिक्षित 1575 कार्मिकों को एक हजार रुपये जोखिम भत्ता दिया जाएगा।

उपभोक्ताओं को दें आनलाइन सेवाएं- कंपनी के एमडी अमित तोमर ने बोर्ड के सामने कंपनी के कामकाज की रिपोर्ट रखी। उन्होंने कहा कि मीटराइजेशन का काम लगातार जारी है। ऊर्जा सचिव रघुराज बैठक में आनलाइन शामिल हुए। उन्होंने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं को आनलाइन सेवाएं देने पर जोर हो। नए कनेक्शन के इच्छुक लोगों को कनेक्शन भी आनलाइन दिए जाएं। आधार बेस्ड डिजिटल सिग्नेचर लेकर भी नियमानुसार कनेक्शन दिया जा सकता है। इससे समय बचेगा, तकनीक के उपयोग से उपभोक्ता संतुष्टि में वृद्धि होगी। एमडी तोमर ने उपभोक्ता सेवाओं, घाटे में कमी लाने के लिए किए जा रहे प्रयास, आरडीएसएस, राजस्व संग्रहण में वृद्धि की योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

दहेज के लिए सताया, महिला ने दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक महिला को ससुराल वालों ने दहेज में कार के लिए इतना सताया कि तंग आकर उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मामले में पुलिस ने जांच के बाद पति सहित ससुराल वालों पर केस दर्ज किया है। परदेशीपुरा पुलिस ने बताया कि गत 9 मई को नंदानगर निवासी प्रीति पति गौरव कुमार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच की तो पता चला कि उसे पति और ससुराल वाले दहेज में कार की मांग करते हुए आए दिन शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे, जिसके चलते प्रीति ने खुदकुशी कर ली। जांच के बाद पुलिस ने कल मृतका के पति गौरव के साथ ही ससुराल पक्ष के प्रेमनारायण वर्मा, अर्मी वर्मा और रूचि वर्मा पर केस दर्ज किया है।

आत्महत्या का प्रयास, केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सूचना आयुक्त कार्यालय के बाहर एक व्यक्ति ने आत्महत्या का प्रयास किया। उसका मालिक से विवाद हुआ तो घासलेट लेकर पहुंच गया। वह घासलेट डालकर आग लगा पाता इससे पहले ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी देवेंद्र पिता मांगीलाल निवासी विद्या नगर के खिलाफ केस दर्ज किया है। टीआइ तहजीब काजी ने बताया कि देवेंद्र भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एक गर्ल्स होस्टल में गार्ड है। वहां पर उसका मालिक से विवाद हुआ। मालिक ने उसकी हरकत को लेकर पुलिस में रिपोर्ट करने की बात कही तो वहां से भाग गया। वहां से सीधे सूचना आयुक्त कार्यालय पर पहुंच गया था। वहां पर आत्महत्या का प्रयास करने लगा। उसने बोतल से केरोसीन निकालकर अपने ऊपर डाल लिया था। वहां पर मौजूद जवान ने उसे देख लिया और आग लगाने से पहले ही पकड़ लिया।

युवक का रास्ता रोककर हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक युवक का बदमाश ने रास्ता रोक लिया और उसके साथ मारपीट करते हुए नुकीली वस्तु से हमला कर घायल कर दिया। परदेशीपुरा पुलिस के अनुसार सूरज पता राजू नरवले निवासी अर्जुनसिंह गौहर नगर की रिपोर्ट पर इसी इलाके में रहने वाले पिंटू व चिंटू पर केस दर्ज किया है। सूरज ने बताया कि मैं जाटव अहिरवार धर्मशाला के पास से जा रहा था, तभी पिंटू व उसके साथी ने पुराने विवाद की बात को लेकर दोंनों मुझे माँ गालियाँ देने लगे मैंने उन दोनों को गाली देने से मना किया तो पिन्टू ने मेरे सिर पर थप्पड मारा और चिन्टू ने किसी नुकीली चीज से मुझ पर वार किया तो मैने बचने के लिये अपना दाहिना हाथ आगे बढाया तो वह नुकीली चीज मेरे दाहिने हाथ की कोहनी के ऊपर व नीचे लगी जिससे मुझे चोट लगकर खून निकलने लगा। यह देख दोनों धमकाते हुए भाग निकले।

पति का फोड़ा सिर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पाटनीपुरा में रहने वाले एक युवक का उसकी पत्नी से सिर फोड़ दिया। देर से घर से आने की बात को लेकर विवाद हो गया। जब पति ने टोका और इसका कारण पूछा तो पत्नी ने उसका सिर फोड़ दिया। रोहित पिता राजेंद्र बीसे (&6) निवासी बेकरी गली पाटनीपुरा की शिकायत पर उसकी पत्नी जागृति के खिलाफ केस दर्ज किया गया है. उन्होंने पुलिस को बताया कि वह घर पर सो रहा था तभी पत्नी जागृति घर पर आई। इस पर उससे पूछा कि तुम कंहा गई थी। इस पर वह होली की मेरी लाफ है। मैं कंही भी जाऊं तु हें इससे क्या करना है। इसी बात को लेकर उनके बीच में बहस हुई तो आरोपी ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया। जागृति ने कुकर के ढक्कन से मेरे सिर पर मार दिया। जिससे सिर में चोट लगकर खून निकलने लगा। आरोपी ने धमकाया कि अगर आज के बाद कुछ बोला तो जान से मार देगी।

बेटी और फिर छह साल के बेटे की मौत, तनाव में महिला ने दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक महिला ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। कुछ साल पहले उसकी बेटी और फिर बेटे की मौत हो चुकी है। इससे वह डिप्रेशन में रहने लगी। पुलिस के मुताबिक अभी जांच की जा रही है। परिवार के बयान के बाद ओर स्थिति स्पष्ट होगी।

चंदननगर पुलिस के मुताबिक राजनगर में रहने वाले सुनीता (42) पति भागीरथ खेड़े ने शुक्रवार शाम घर में जहर पी लिया। उसे उपचार के लिये बेटा विशाल एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचा था। यहां रात में सुनीता की मौत हो गई। विशाल ने बताया कि उनकी मां काफी समय से डिप्रेशन में रहती थी।

विशाल के मुताबिक उसकी दो बहनें और एक भाई था। कुछ साल पहले बड़ी बहन कोमल की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। इसके सालभर बाद ही भाई निखिल की सांप के काटने से मौत हो गई थी। दो बच्चों की याद में मां सुनीता बीमार रहने लगी थी। अकेले में रोती थी। उन्हें डर था कि हमारे साथ भी कुछ नही हो जाए। इस बाद को ध्यान कर वह कभी कभी डरने भी लगती थी।

एसी सुधारने आया, कर दी वारदात लॉकर से ले भागा लाखों का माल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पलासिया थाना क्षेत्र के मनोरमागंज में एक मकान में चोरी हो गई। घर मालकिन ने आरोप लगाया है कि जो व्यक्ति उसके यहां पर एसी सुधारने के लिए आया था, उसने ही लॉर्कस का ताला तोडकर लाखों के जेवर लेकर चंपत हो गया। जब फरियादी ने अलमारी खोली तो उसे चोरी के बारे में पता चला।

पुलिस के अनुसार राजबाला जैन (60) निवासी मनोरमागंज की शिकायत पर ओमप्रकाश पिता अम्बाराम सुगालिया निवासी ,गौराकुण्ड के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि 3 मई को उनके घर से जेवरात चोरी हो गए। बदमाश अलमारी व लॉकर्स का ताला डायमंड ब्रेसलेट , चार जोड़ी सोने की बड़ी बाली, सात जोडी छोटी बाली और अन्य सामान सहित करीब चार लाख का सामान चुरा ले गया। पहले तो वह पड़ताल करते रहे कि किसी ने यह जेवर चुराए हैं। आरोपी के अलावा कोई और घर में नहीं आया था। इसी के चलते उन्हें आशंका है कि आरोपी घर में एसी सुधारने के लिए आया था। उसने ही मौका देखकर घर से जेवर चुरा लिए। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने चोरी करना कबूल कर लिया। अब आरोपी से जेवर बरामद कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

नाबालिग से दुष्कर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लसूडिया क्षेत्र में शहादत मंसूरी ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के पिता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी रात के वक्त कहीं चली गई है। आशंका है कि कोई उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। शुक्रवार को पुलिस आरोपित तक पहुंची। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपित उसे बहला-फुसलाकर ले गया और उसके साथ जबरदस्ती संबंध बनाए। इसके बाद पुलिस ने आरोपित को नामजद करते हुए प्रकरण में दुष्कर्म की धारा बढ़ा दी।

व्यापारी को एप कॉल से धमकाने वाले पकड़ाए

आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इदौर। **पुलिस ने एप्लीकेशन कॉल से लोगो को धमकाने के मामले में एक नाबालिग सहित तीन को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने कई लोगों के साथ एप कॉल से बदतमीजी की थी। आरोपियों के कुछ और साथियों की तलाश पुलिस को है।**

चंदननगर पुलिस के अनुसार पिछले दिनों लकड़ी कारोबारी कादिर की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धमकाने का मामला दर्ज हुआ था। दरअसल आरोपी एप्लीकेशन से कॉल कर रहे थे । लगातार फरियादी को गालियां दे रहे थे। उसके घर परिवार की महिलाओं के बारे में गंदी बातें कर रहे थे। आरोपी फरियादी के घर और कारोबार को लेकर भी गलत टिप्पणियां कर रहे थे । फरियादी ने मामले की शिकायत साइबर सेल, चंदननगर पुलिस, सहित आला पुलिस अधिकारियों को की थी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की तो पता लगा कि फरियादी को जो फोन आ रहे थे वह 'मल्टी कॉल' एप्लीकेशन से आ रहे थे। मामले में छानबीन के बाद आरोपी शारिक पिता सलीम निवासी चंदन नगर ,एजाज खान पिता सत्तार और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है । मामला जमानती था, पुलिस ने जमानत पर छोड़ा लेकिन प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा है। आरोपियों में शरिक के पिता सलीम सरकारी डॉक्टर है, जबकि एजाज के पिता सत्तार लकड़ी और प्लाईवुड के बड़े कारोबारी है। उनकी सत्तार टिंबर नाम से दुकान है ।

दुष्कर्म का आरोपी रचा रहा था शादी

● पुलिस घर पहुंची तो निभाई जा रही थी हल्दी की रस्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **भंवरकुआ पुलिस ने युवती की शिकायत पर रेप के मामले में केस दर्ज किया है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को शादी के मंडप से ही उठा लिया। पुलिस जब आरोपी के घर पहुंची तब उसकी हल्दी की रस्म निभाई जा रही थी। आरोपी इंदौर में युवती से रेप करने के बाद फरार हो गया था। युवती की शिकायत के बाद से पुलिस उसे ढूंढ रही थी। शिकायत करने वाली युवती ने बताया था कि 21 मई को आरोपी दूसरी लड़की से शादी रचाने जा रहा है।**

टीआई शशिकांत चौरसिया के मुताबिक इलाके में रहने वाली एक युवती ने डोंगर सिंह कुशवाह निवासी ग्वालियर के खिलाफ रेप का मामला दर्ज कराया था। आरोपी के बारे में युवती ने बताया था कि वह ढाई साल से उसे शादी के नाम पर धोखा दे रहा है। इसके बाद युवती से जानकारी लगी थी कि वह इस समय ग्वालियर में है ओर शादी करने वाला है। पुलिस ने वहां तत्काल एक टीम भेजकर उसे गिर तार कर लिया। आरोपी सहायता समूह में लोन का काम करता है। यहीं से युवती से उसकी पहचान हुई थी। पुलिस की टीम जब ग्वालियर पहुंची तो यहां रिश्तेदारों ने उन्हें रोका। लेकिन बाद में पुलिस ने मामले की जानकारी रिश्तेदारों को दी तो उन्होंने डोंगरसिंह को लेकर रोक टोक नहीं की।

जन सेवा अभियान-कलेक्टर ग्रामीणों से सुनी समस्याएं, मौके पर किया निराकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए शिविर आयोजन का सिलसिला जारी है। इसी सिलसिले में कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी और प्रशासनिक अमला लोटस वैली गुलावट पहुंचा। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही उनका निराकरण कराया।**

जिले के सांसद आदर्श गांव गुलावट मैं मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सभी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर हाथों-हाथ निराकरण भी किया गया। इस मौके पर सांसद शंकर लालवानी, कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी सहित अन्य अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनका मौके पर ही निराकरण किया।

ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितलाभ का वितरण किया गया। शिविर में स्कूली बच्चों को बैग और कॉपी किताबों का वितरण भी किया गया। शिविर में विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों ने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं संबंधी आवेदन लिए और उनका मौके पर यथासंभव निराकरण किया।

पत्नी से की मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कालानी नगर में रहने वाली एक महिला को उसके पति ने पीट दिया। सीमा विश्वकर्मा(45) निवासी कालानी नगर की शिकायत पर उसके पति जुगल किशोर के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि पति जुगल किशोर मुझ पर शंका करता है इसी बात को लेकर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट की इससे उसे चोट लगकर खून निकलने लगा। उसने मदद के लिए शोर मचाया तो आसपास के लोग आ गए। वहीं सोनू शर्मा(29) निवासी कबीर बगिया मल्हारगंज की शिकायत पर उसके पति विष्णु शर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि पति शराब के नशे में घर आया। उसने इसका विरोध किया तो आरोपी ने मारपीट कर दी। उसे धक्का दिया इससे सिर दीवार से टकरा गया।

नि:शुल्क ड्राइविंग लाइसेंस बनाने का शिविर आज

इंदौर। मध्य प्रदेश परिवहन शासन द्वारा लोकप्रिय विधायक श्री रमेश मेंदोला के नेतृत्व और निदेर्शों पर सुगनी देवी कन्या महाविद्यालय में निशुल्क महिलाओं और छात्राओं का 20 मई, शनिवार को निशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस बनाने का शिविर कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया है। विधायक प्रतिनिधि चंद्रकांत कुंजीर,संतोष चौखंडे,मुकेश यादव ने बताया कि इस शिविर में सभी महिलाएं एवं लड़कियां जो निशुल्क लाइसेंस बनाना चाहती हैं वे शिविर में आकर आप लाइसेंस बनवा सकती है यह शिविर समय शनिवार सुबह 10 बजे से शुरू होगा।

सीएम शिवराज की विधायकों को नसीहत ...

वर्कप्लान बनाकर काम करें

बीजेपी कार्यसमिति की बैठक में कहा- हमारे पास नरेंद्र मोदी, कांग्रेस के पास क्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। प्रदेश भाजपा कार्यालय में मप्र बीजेपी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक चल रही है। बैठक में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधायकों को वर्कप्लान बनाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह सांसद अपना वर्कप्लान बनाकर पीएम को देते हैं, उसी तरह विधायक भी अपना कार्यक्रम बनाकर काम करें। सीएम ने ऐलान किया कि बेटियों की तरह मेरिट में आने वाले बेटों को भी ई-स्कूटी दी जाएगी। मुख्यमंत्री बैठक में नौवें सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे पास नरेंद्र मोदी हैं, उनके (कांग्रेस) के पास क्या है?

शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में मध्यप्रदेश बीजेपी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक बुलाई गई है। सुबह ही सभी मंत्री और विधायक यहां पहुंच गए थे। मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा कि आज से ये व्यवस्था हो जाए कि जिस तरह सांसद अपना कार्यक्रम बनाकर प्रधानमंत्री कार्यालय को देते हैं। ऐसे ही विधायक भी कार्यक्रम बनाकर काम करें। सीएम ने कहा कि ये कर्नाटक फर्नाटक क्या है, ये मध्यप्रदेश है- यहां हम धूमधाम से जीत का रिकॉर्ड बनाएंगे। उनके पास (कांग्रेस) के पास क्या है, हमारे पास नरेंद्र मोदी हैं। दिनरात तपने वाले देवदुर्लभ कार्यकर्ता हैं। कांग्रेस कहीं हमारा मुकाबला नहीं कर सकती। मेरे तरकश में अभी बहुत से तीर हैं।

कर्नाटक में शपथ से पहले सिर उठाने लगी राष्ट्रविरोधी ताकतें

सीएम ने कहा कि कर्नाटक में अभी मुख्यमंत्री ने शपथ नहीं ली है। उससे पहले ही पीएफआई, जैसी राष्ट्रविरोधी ताकतें सिर उठाने लगी हैं।

1 से 9 जून तक लाडली बहना योजना के स्वीकृति पत्र देंगे

मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा कि 1 से 9 जून तक महिलाओं को लाडली बहना योजना के स्वीकृति पत्र देंगे। 10 तारीख को पैसा खाते में ट्रांसफर हो जाएगा। युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देना छलावा है। चिड़िया अपने बच्चों को पंख देती है।

केंद्रीय मंत्री तोमर बोले- बैठक में बनेगी रणनीति

केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा- नरेंद्र मोदी भारतीय जनता पार्टी के नेता हैं। देश में उन्हीं के चेहरे पर चुनाव लड़ा जाता है। बैठक में विभिन्न विषयों को लेकर रणनीति बनेगी। सुशासन के 9 साल पूरे हुए हैं, उसके लिए विशेष कैंपेन चलाया जाएगा। बैठक में इसमें क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, प्रदेश सह प्रभारी डा. रामशंकर कठेरिया, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ, केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते पदाधिकारी शामिल हुए।

बेटे को डूबता देख पिता ने लगा दी पानी में छलांग

● होमगार्ड के जवानों ने 6 लोगों को शिप्रा में डूबने से बचाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या पर शुक्रवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिप्रा स्नान के लिए पहुंचे। सुबह ढाई घंटे में शिप्रा के घाट पर खासा हड़कंप मचा रहा। इस दौरान 6 लोग डूबते-डूबते बचे। तैराक दल ने पानी में डूब रहे लोगों की जान बचाई।

उक्त जानकारी देते हुए डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड संतोष कुमार जाट ने बताया कि अमावस्या पर शुक्रवार को हजारों की संख्या में लोग स्नान के लिए शिप्रा तट स्थित रामघाट और अन्य घाटों पर पहुंचे थे। इस दौरान सुबह 6 बजे के लगभग महाराष्ट्र शेरपुर निवासी राव परिवार के सदस्य रामघाट के समीप शिप्रा स्नान कर रहे थे। इसी दौरान संजय राव का 15 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। बेटे को बचाने के लिए संजय राव ने पानी में छलांग लगा दी। गहरा पानी होने से पिता-पुत्र दोनों डूबने लगे। मौके पर मौजूद तैराक दल ने दोनों को बचा लिया। इसके कुछ देर बाद सिद्ध आश्रम के समीप घाट पर इंदौर निवासी तीन लोग नदी में नहाने गए थे। गहरे पानी में तीन युवक डूबने लगे। तैराक दल ने तीनों को बचाने के लिए पानी में रिंग फेंकी। इसके माध्यम से तीनों को बाहर निकाला गया। इसी प्रकार रामघाट पर राणोजी की छत्री के सामने अजमेर निवासी एक परिवार के 7-8 सदस्य शिप्रा में स्नान कर रहे थे। उसी दौरान पैर फिसलने से 29 वर्षीय शिवराम गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। इसे भी तैराक दल ने बचा लिया।

अमावस्या और शनि जयंती: श्रद्धालुओं ने स्नान किया, शनिदेव को पूजा

● मंदिरों में शनिदेव का किया विशेष श्रृंगार पूजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। शुक्रवार को अमावस्या पर शनि जयंती के अवसर पर शनि मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इंदौर रोड स्थित शनि नवग्रह मंदिर त्रिवेणी पर भगवान शनिदेव का पूजन-अभिषेक कर श्रृंगार किया गया। भक्तों ने शनि देव को प्रसन्न करने के लिए काले तिल,तेल,काला वस्त्र अर्पण कर ग्रह दशा सुधारने के लिए प्रार्थना की। शहर के अन्य शनि मंदिरों में सुबह से श्रद्धालु भगवान शनिदेव दर्शन के लिए पहुंचने लगे थे। वहीं शिप्रा नदी में भी श्रद्धालु स्नान को पहुंचे।

ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या पर शुक्रवार को शनि प्रकट उत्सव मनाया गया। इस बार शनि जयंती पर भरणी नक्षत्र एवं शोभन योग व वृषभ राशि के चंद्रमा की उपस्थिति रही। शोभन योग का अधिपति बृहस्पति है जो कार्य तथा धन की सिद्धि के लिए विशेष है। शहर में त्रिवेणी स्थित शनि नवग्रह मंदिर के अलावा ढाबा रोड स्थित गेबी हनुमान की गली के सामने शनि मंदिर में भी धार्मिक अनुष्ठान,पूजन-अभिषेक के बाद भगवान शनिदेव का विशेष श्रृंगार किया गया। नगर के अन्य शनि मंदिरों में भी धार्मिक कार्यक्रम के साथ जयंती मनाई गई। कहा जाता है कि जन्म कुंडली में शनि की विपरीत स्थिति,कमजोर स्थिति,महादशा,अंतर्दशा या शनि की साढ़ेसाती लघु ढैय्या को अनुकूल बनाने के लिए शनि जयंती पर भगवान शनि देव की विशेष उपासना की जाती है। जिसके अंतर्गत महाकाल शनि मृत्युंजय स्तोत्र,शनि स्तोत्र,शनि स्तवराज,शनि अष्टक,शनि चालीसा का पाठ, शनि के वैदिक मंत्रों का जाप शनि की वस्तुओं का दान करने से शनिदेव प्रसन्न होते है।

तेज रफ्तार ट्रक ने पिता-पुत्र को रौंदा, पिता की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

खंडवा। इंदौर-इच्छापुर नेशनल हाइवे पर राधास्वामी सत्संगव्यास के पास ट्रक ने बाइक सवार पिता-पुत्र को रौंद दिया। इस हादसे में पिता प्रेमलाल की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल संदीप को सनावद अस्पताल में भर्ती किया गया है। शुक्रवार की घटना है। ग्राम इनपुन निवासी 50 वर्षीय प्रेमलाल पुत्र मांगीलाल अपने 25 वर्षीय पुत्र संदीप के साथ बाइक पर बैठकर जा रहे थे। इस बीच राधास्वामी सत्संगव्यास के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार पिता-पुत्र को रौंद दिया। प्रेमलाल के ऊपर से ट्रक के दोनों टायर निकल गए। इससे उनके शरीर के चिथड़े हो गए। वहीं संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर मोरटक्का चौकी प्रभारी राजेंद्र सयदे घटनास्थल पहुंचे। प्रेमलाल के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं संदीप को सनावद अस्पताल में भर्ती करवाया। चौकी प्रभारी सयदे ने बताया कि ट्रक को जब्त कर चौकी परिसर में खड़ा किया है। मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। मृतक प्रेमलाल एनएचडीसी में खाना बनाने का काम करता था।

माधुरी बेन के खिलाफ जिलाबदर का नोटिस जारी

● माधुरी बेन बोलीं-हम इसका जवाब देंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

बुरहानपुर। जागृत आदिवासी-दलित संगठन की कार्यकर्ता माधुरी बेन के खिलाफ जिला प्रशासन ने जिलाबदर का नोटिस जारी किया है। नोटिस कलेक्टर की ओर से 16 मई को जारी किया है। इसकी पुष्टि शुक्रवार को बुरहानपुर डीएफओ विजय सिंह ने प्रेस के सामने करते हुए कहा-माधुरी बेन के खिलाफ जिला बदर का नोटिस जारी किया गया है। 16 को यह नोटिस जारी हुआ है। कलेक्टर ने उन्हें 7 दिन का समय दिया है। इस बीच वह यहां आकर अपना पक्ष पेश करेंगी।

डीएफओ विजय सिंह ने कहा कि माधुरी बेन और उनके संगठन के लोगों ने वन क्षेत्रों में अतिक्रमण कराया। वनाधिकार के नाम पर परोक्ष रूप से प्रेरित कर उगाई की जा रही है। इसके लिए उनके खिलाफ 21 पीओआर यानी प्रिमिलरी अफेंस रिपोर्ट वन विभाग ने दर्ज की थी। साथ ही उन पर पुलिस केस भी दर्ज है।

हमें नोटिस मिला है मीडिया के समक्ष जवाब देंगे

जागृत आदिवासी दलित संगठन की कार्यकर्ता माधुरी बेन ने कहा कि आज ही हमें एक नोटिस मिला है। उसका जवाब तैयार किया जा रहा है। हम अपना जवाब मीडिया के माध्यम से भी प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा संगठन किसी भी प्रकार की गलत गतिविधि में शामिल नहीं है, बल्कि हमने वन कटाई के खिलाफ आवाज उठाई थी। उसे दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

मैंने मर्डर किया है, सरेंडर करना है, कहते हुए युवक ने खुद को न्यायाधीश के कक्ष में बंद किया

जिला कोर्ट भवन में मचा हड़कंप, पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। शुक्रवार को सुबह न्यायालय का काम काज शुरू भी नहीं हुआ था कि बुलेट पर सवार एक युवक जिला न्यायालय परिसर में दाखिल हुआ और वह जोर-जोर से चिल्ला रहा था कि मैंने मर्डर किया,जज के सामने सरेंडर करना है। यह कहते हुए युवक ने खुद को द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के कक्ष में बंद कर लिया। इस घटना से न्यायालय में हड़कंप मच गया। पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खुलवा कर युवक को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को सुबह करीब 10 बजे बुलेट पर सवार एक युवक मैंने मर्डर किया है,मुझे सरेंडर करना है यह चिल्लाते हुए जिला न्यायालय परिसर में दाखिल हुआ। इस पर युवक ने जैसे ही कक्ष का दरवाजा खोला पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। माधवनगर थाना प्रभारी मनीष लोधा ने बताया कि गिरफ्तार युवक अरबाज पिता मोहम्मद साजिद निवासी लोहे का पुल है,लेकिन कुछ दिनों से न्यू इंदिरा नगर में रहता है।

गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने अरबाज के परिजनों से पूछताछ की तो पता चला की वह एक दिन पूर्व पानबिहार घट्टिया गया था और वहां से भी किसी की बुलेट क्रं.एमपी 13 ईआर 1028 चोरी कर ले आया था। युवक ने इस तरह की हरकत क्यों कि इसका पता लगाया जा रहा है।

खिड़की तोड़कर 10 लाख के जेवरात चोरी छह माह में दूसरी बार हुई वारदात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

राजगढ़। जिले में लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। खिलचीपुर में एक ही व्यापारी के यहां छह माह में दूसरी बार बड़ी चोरी हुई है। इस बार बदमाश दुकान की खिड़की तोड़कर दुकान में प्रवेश करते हुए करीब 10 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण ले गए। आरोपित सीसीटीवी फुटेज में नकाब पहने नजर आ रहे हैं। घटना की जानकारी लगने के बाद एसपी ने मौके पर पहुंचकर स्थल निरीक्षण किया है।

जानकारी के मुताबिक खिलचीपुर में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात को अज्ञात बदमाशों ने सराफा बाजार में संजय सराफ-राजेश सराफ की ज्वैलरी दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने दुकान की साइड में बने कच्चे मकान के समीप खिड़की तोड़कर दुकान में प्रवेश किया। जिस कच्चे मकान की ओर से वह दुकान में घुसे, वह मकान सूना था, इसलिए उन्हें दुकान में पहुंचने में आसानी रही। बदमाशों ने दुकान में पहुंचते हुए वहां रखी अलमारियों के ताले चटकाए। इसके बाद करीब 8 से 10 किलो चांदी, अंगूठी, बिछूड़ी, नकदी लेकर गायब हो गए। घटना की जानकारी लगने के बाद दुकान मालिक ने दुकान में जाकर देखा तो पूरा माल गायब था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पहले स्थानीय पुलिस पहुंची व उसके बाद एसपी वीरेंद्र सिंह, स्क्वाड डाग टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

चार बदमाश चोरी करते हुए सीसीटीवी में दिखाई दे रहे हैं। संजय सराफ की दुकान में दूसरी बार चोरी की घटना हुई है। पहले भी चोरी हुई थी, जिसे अंजाम देने वाले बदमाशों को पुलिस टीम द्वारा पकड़ कर जेल भेज दिया गया था। अब पुनः चोरी की घटना हुई है। जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

- वीरेंद्र कुमार सिंह, एसपी

संपादकीय

सही फैसला

केवल जम्मू-कश्मीर के साथ पूर्वोत्तर के कई इलाकों में भी सुरक्षाबलों को पुलिस के साथ तालमेल बना कर काम करने के लिए तैनात किया गया है। मगर जम्मू-कश्मीर का मामला इसलिए ज्यादा संवेदनशील है कि वहां पाकिस्तान का सीधा दखल और दावेदारी है। जम्मू क्षेत्र को कश्मीर की अपेक्षा कुछ शांत माना जाता है, मगर उसके भी जो इलाके सीमा से जुड़े हैं, वहां आतंकी संगठन अपने पैर पसारने का प्रयास करते देखे जाते हैं। जम्मू इलाके से चरणबद्ध तरीके से सेना को हटाने का विचार किया गया था, मगर अब सरकार ने वह फैसला वापस ले लिया है और अनिश्चित काल के लिए सेना की वापसी को टाल दिया है। ऐसा जम्मू क्षेत्र में आतंकी गतिविधियों को देखते हुए किया गया है। पिछले कुछ समय से जम्मू क्षेत्र में आतंकी गतिविधियां बढ़ी हैं। लक्ष्य बना कर हमले करने, सैन्य ठिकानों में घुसपैठ की कोशिशें बढ़ी हैं। वहां के डोडा, पुंछ, राजौरी, उधमपुर और बनिहाल जैसे इलाके सीमा पार से आतंकी घुसपैठ की दृष्टि से संवेदनशील हैं। वहां से अभी सेना की वापसी करना आतंकी मंसूबों को बल प्रदान कर सकता है। इस लिहाज से सरकार का फैसला उचित कहा जा सकता है। हालांकि नागरिक इलाकों में सेना की तैनाती से कई तरह की दुश्वारियां भी पैदा होती हैं। सेना का प्रशिक्षण नागरिक मसलों को सुलझाने या वहां की सुरक्षा जरूरतों के हिसाब से नहीं होता। उन्हें युद्ध और सरहदी इलाकों में दुश्मन देश पर नजर रखने का प्रशिक्षण होता है। ऐसे में कई बार पुलिस और स्थानीय प्रशासन के साथ उसे तालमेल बिठाने में परेशानी पैदा होती है। उन्हें नागरिकों के साथ पेश आने में व्यावहारिक दिक्कतें आती हैं। इस तरह कई बार सेना पर मानवाधिकार हनन के गंभीर आरोप भी लगते रहे हैं। खासकर जम्मू-कश्मीर संवेदनशील राज्य है और वहां से अनुच्छेद तीन सौ सत्तर हटने के बाद पाकिस्तान की तरफ से भारत को अस्थिर करने की कोशिशें लगातार तेज हुई हैं।

चिंतन और संवाद

MORARI BAPU

सत्य-प्रेम-करुणा...

भरोसे के लिए महाप्रभुजी वल्लभाचार्य ऐसा कहते हैं कि भरोसा दृढ़ होना चाहिए.....

तुलसी कहते हैं कि भरोसा ऐसा होना चाहिए कि जिसमें डर ना खरोसो .... जिसमें भय का ज़रा भी स्थान ना हो...

त्रिकम साहब कहते हैं भरोसो भारी....

भरत जी को पूछो तो वो भरोसे की क्या व्याख्या करेंगे ?... वो तो सीधी बात करेंगे ...मोहे रघुवीर भरोस.... मुझे मेरे बाप पर भरोसा है... मुझे और कुछ खबर नहीं.... वो मुझे अपना समझकर कभी मेरा त्याग नहीं करेंगे .....

भरोसा 2 तरह से किया जा सकता है ...

1... कुछ भी सोचे बिना किसी के चरणों में समर्पित हो जाना ....

2... पूरी तरह जान लो... फिर समर्पित होना...

सब जान लेने की कोशिश करने में तुम किससे सब जान रहे हो उस पर आधार है .... जिसके बारे में तुम जानना चाहते हो उससे वो द्वेष करता है कि उसकी तरफ प्रीति है ?... वो उससे ईर्ष्या करता है या स्पर्धा करता है ?...वो जानना जरूरी है ...वरना वो तुम्हारे दिमाग में कचरा डाल देगा....

मुझे कोई पूछे कि भजन यानि क्या ?... तो तलगाजरडा एक ही वाक्य कहता है कि 'भरोसा ही भजन है'.... जिसको भजन करना हो उसको ज्यादा जानने की कोशिश नहीं करनी चाहिए ....

बार-बार मुझे पूछा जा रहा है कि बापू ....इस कथा में पात्र के विषय में ....भरोसा.... विश्वास के विषय में.... कथा पूरी हो उसके पहले इस विश्वास को अर्जित करने के लिए हमें क्या करना चाहिए ?...अथवा तो ऐसी कोई चौपाई बताओ कि हमारा विश्वास बना रहे .....

बहुत कठिन है..... मैं भक्ति रसामृत का दर्शन कर रहा था.... उसमें रूप गोस्वामी जी ने दो संदर्भ में कुछ बातें कही है ....उसका अवलोकन गुरु कृपा से मैंने ये किया है.....

मेरे लिए तो मैं किसी भी अवलंबन का स्वीकार नहीं करता ....भरोसा मतलब भरोसा.... किसी भी साधन की मुझे जरूरत नहीं ...अंधा तो अंधा ...लो ना ...चलो.... आंख बंद करके भरोसा .....

भक्ति रसामृत सिंधु में भरोसे के जो अलंबन बताए हैं वो तो जिसको ज्यादा जानकार भरोसा करना है उसके लिए है....

1... गुरुपादाश्रय ... गुरु के पद का ...अथवा पादुका का आश्रय करना ....

2... कृष्णदीक्षादिशिक्षणं ....भगवान कृष्ण के नाम का.... मंत्र का ....अथवा तो भगवान कृष्ण के संबंध में जो कथाएं हैं ...उसका शिक्षण प्राप्त करना ...जैसे हम गीता का स्वाध्याय... भागवत का पारायण करते हैं... कृष्ण के अगल-बगल रही वस्तु जिससे हमें शिक्षा प्राप्त हो ....

3... विश्वममैगुह्येत....जिसके पास गए हैं उसके प्रति हमारा गुप्त भाव रहे....

4... समग्र रूप से साधुपना जिसमें हो उसकी सेवा करनी ....पूजा नहीं ....

5... सतधर्मपृच्छः .... अपने स्वधर्म के लिए किसी परम के पास जिज्ञासा करनी....

6... भोगादि त्यागः कृष्णस्यहेतवे ....केवल कृष्ण के लिए तमाम त्यागों को छोड़ देना.... भोगो तो बस हरि को भोगो ....

7... निवासौ द्वारिकादौच गंगादरपि सन्निधौ ...भरोसा बढ़ाना हो तो दो जगह बताई है रुप गोस्वामी जी ने... द्वारिका में निवास करो ...अथवा तो गंगा के किनारे निवास करो ...जितना समय मिले....

8... व्यवहारेषु सर्वेषु यावदार्थनु .....संसार में हम हों तब व्यवहार में यथा योग्य वर्तन करें.... सबको निकालते जाएं ऐसा नहीं .... सबके साथ एक डिस्टेंस रखकर वर्तन करें ....

9... हरिवासर सम्मानौ ... एकादशी अथवा जन्माष्टमी उसको हरि वासर कहते हैं चैतन्य परंपरा में.... इन दिनों में व्रत करो ...उपवास या जो हो ....

10... उंब्रतरू विशाल ...उंब्रा का वृक्ष अथवा तो पीपल का वृक्ष समय मिले तो उसके नीचे बैठें .....

रूप गोस्वामी जी कहते हैं आपके भरोसे को प्रारंभिक रूप में.... फिर तुम्हें धीरे-धीरे आगे बढ़ना हो तो उसके ये 10 अंग हैं....

मानस अक्षय तृतीया
(गुजराती से हिंदी अनुवाद)
जय सियाराम

बाल दिवस

तेनाली राम और रसगुल्ले की जड़

एक वक्त की बात है, एक बार राजा कृष्णदेव राय के राज्य में दूर देश ईरान से व्यापारी आता है। महाराज उस व्यापारी का स्वागत मेहमान की तरह शानदार तरीके से करते हैं।

वह मेहमान के लिए तरह-तरह के पकवान और स्वादिष्ट भोजन बनवाने का आदेश देते हैं। साथ ही कई अन्य सुविधाओं का आयोजन करते हैं। एक दिन महाराज के रसोइये ने शेख व्यापारी मेहमान के लिए रसगुल्ले बनाए। जब शेख व्यापारी ने रसगुल्ले खाए, तो उसे बहुत स्वादिष्ट लगे। उसने महल में मौजूद लोगों से रसगुल्लों की जड़ के बारे में पूछा। यह सुनकर रसोइया समेत महल के कई लोग सोच में पड़ जाते हैं। शेख व्यापारी की मांग के बारे में महाराज को जानकारी दी जाती है। फिर महाराज बिना देर किए अपने सबसे चतुर मंत्री तेनाली राम को बुलाते हैं और सारी बात बताते हैं।

महाराज की बात सुनकर तेनाली राम तुरंत रसगुल्ले की जड़ ढूंढने की चुनौती स्वीकार कर लेते हैं। वो महाराज से एक कटोरे और छुरी की मांग करते हैं, साथ ही एक दिन का समय भी मांगते हैं। फिर अगले दिन महराज की भरी सभा में तेनाली राम कटोरे में रसगुल्ले की जड़ लेकर आ जाते हैं। कटोरा मलमल के कपड़े से ढका होता है। तेनाली राम उस कटोरे के साथ शेख व्यापारी के पास जाते हैं और उन्हें कपड़ा हटाने को कहते हैं। जैसे ही शेख व्यापारी कटोरे का कपड़ा हटाता है, तो वहां बैठा हर कोई हैरान हो जाता है।

उस कटोरे में गन्ने के कई टुकड़े होते हैं। महाराज के साथ हर कोई हैरान होकर तेनाली राम से पूछता है कि यह क्या है? बुद्धिमान और चतुर तेनाली राम अपनी बात रखते हुए सभी को समझाते हैं कि कोई भी मिठाई चीनी से बनती है और चीनी को गन्ने के रस से बनाया जाता है। इसलिए, रसगुल्ले की जड़ गन्ना है। तेनालीराम की यह बात सुनकर सभी हंस पड़े और खुश होकर तेनाली राम के बात से सहमत भी हुए।

कहानी से सीख

किसी भी सवाल या परिस्थिति में चिंतित न होकर, धैर्य के साथ विषय की जड़ तक जाना चाहिए। फिर उसका जवाब ढूंढना चाहिए।

Highlights

1. Woman sued for taking home buffet food in China, pays over 6 lakh to eatery
2. In a 1st, Delhi HC relies on Wayback Machine in patent case
3. 8 cabinet ministers to take oath with Siddaramaiah & Shivakumar
4. Fallout of relationship gone sour: Police on girl's murder at Shiv Nadar University
5. PM Modi holds bilateral meeting with Japan's PM in Hiroshima
6. Imran Khan refuses home search by Pak police, sets his own terms

RBI circular on ₹2000 currency notes withdrawal: Read full text here

NEW DEIHI, (Agency). The Reserve Bank of India on Friday withdrew ₹2,000 currency notes from circulation and urged holders to deposit the notes by September 30.

The 2000 denomination banknote was introduced in November 2016 under Section 24(1) of RBI Act, 1934, primarily to meet the currency requirement of the economy in an expeditious manner after the withdrawal of legal tender status of all 2500 and 1000 banknotes in circulation at that time. The objective of introducing 2000 banknotes was met once banknotes in other denominations became available in adequate quantities. Therefore, printing of 2000 banknotes was stopped in 2018- 19.

2. About 89% of the 2000 denomination banknotes were issued prior to March 2017 and are at the end of their estimated life-span of 4-5 years. The total value of these banknotes in circulation has declined from 26.73 lakh crore at its peak as on March 31, 2018 (37.3% of Notes in Circulation) to 23.62 lakh crore constituting only 10.8% of Notes in Circulation on March 31, 2023. It has also been observed that this denomination is not commonly used for transactions. Further, the stock of banknotes in other denominations continues to be adequate to meet the currency requirement of the public

3. In view of the above, and in pursuance of the "Clean Note Policy" of the Reserve Bank of India, it has been decided to withdraw the 2000 denomination banknotes from circulation.

4. The banknotes in 2000 denomination will continue to be legal tender

5. It may be noted that RBI had undertaken a similar withdrawal of notes from circulation in 2013-2014

6. Accordingly, members of the public may deposit 2000 banknotes into their bank accounts and/or exchange them into banknotes of other denominations at any bank branch. Deposit into bank accounts can be made in the usual manner, that is, without restrictions and subject to extant instructions and other applicable statutory provisions.

7. In order to ensure operational convenience and to avoid disruption of regular activities of bank branches, exchange of 2000 banknotes into banknotes of other denominations can be made upto a limit of 20,000/- at a time at any bank starting from May 23, 2023.

8. To complete the exercise in a time-bound manner and to provide adequate time to the members of public, all banks shall provide deposit and/or exchange facility for . *2000 banknotes until September 30, 2023. Separate guidelines have been issued to the banks.

9. To complete the exercise in a time-bound manner and to provide adequate time to the members of public, all banks shall provide deposit and/or exchange facility for 2000 banknotes until September 30, 2023. Separate guidelines have been issued to the banks.

10. The facility for exchange of 2000 banknotes upto the limit of 20,000/- at a time shall also be provided at the 19 Regional Offices (ROS) of RBI having issue Departments from May 23, 2023.

'Prima facie no manipulation by Adani Group': Supreme Court panel on Hindenburg report

NEW DEIHI, (Agency). Gautam Adani's Adani Group was given a clean chit Friday by a Supreme Court-appointed panel of experts that examined data from the national market regulator - the Securities Exchange Board of India, or SEBI - to investigate claims of financial fraud and stock price manipulation made by United States-based short-seller Hindenburg Research in January.

The six-member panel also said it found no evidence to indicate regulatory mechanisms' failure after the sharp rise of Adani Group stocks, and that the market is not 'unduly volatile'.

The panel - which called on SEBI to complete its own (independent) investigation as early as possible - said data provided by the regulator indicated 'no evident pattern of manipulation' in the prices of stocks of companies owned by Gujarat-based business tycoon Gautam Adani.

"At this stage, taking into account explanations provided by SEBI (and) supported by empirical data, prima facie it would not be possible for the committee to conclude there was a regulatory failure around the allegation of price manipulation," the panel said in its report.

"Volatility in Adani stocks was indeed high (but this) is attributable to the publication of the Hindenburg report and its consequences," the report - submitted early this month - added.

New Delhi

केजरीवाल से 'पावर' छीनने की क्या वजह अध्यादेश में ही केंद्र ने दी एक दलील

नई दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार को 9 दिन पहले सुप्रीम कोर्ट से मिली खुशी छिन गई है। केंद्र सरकार ने एक अध्यादेश लाकर सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश को निष्प्रभावी कर दिया है, जिसमें दिल्ली सरकार को अफसरों के ट्रांसफर पोस्टिंग का अधिकार मिल गया था। 11 मई को सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली संवैधानिक बेंच ने अहम फैसला सुनाते हुए कहा था कि पब्लिक ऑर्डर, पुलिस और लैंड को छोड़कर अन्य मामलों में प्रशासन पर नियंत्रण चुनी हुई सरकार का होगा। देश की सबसे

बड़ी अदालत से मिले अधिकार के बाद खुशी मना रही केजरीवाल सरकार ने फटाफट कई फैसले भी लिए, लेकिन एलजी से मंजूरी लंबित होने की वजह से इन्हें लागू नहीं किया जा सका। अब केंद्र सरकार ने नए अध्यादेश के जरिए दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग का नया सिस्टम लागू कर दिया है।

क्या है केंद्र का अध्यादेश

गर्वनमेंट ऑफ एनसीटी ऑफ दिल्ली (अमेंडमेंट) ऑर्डिनेंस 2023 के जरिए केंद्र सरकार ने नेशनल कैपिटल सिविल सर्विस अथॉरिटी (NCCSA) का गठन कर दिया है। राजधानी दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर पोस्टिंग और सेवा से जुड़े फैसले अब एनसीसीएसए के माध्यम से होंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अथॉरिटी के मुखिया होंगे, लेकिन फैसला बहुमत से होगा। एनसीसीएसए में दिल्ली के सीएम के अलावा मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव गृह सदस्य होंगे। किसी भी विवाद की स्थिति में एलजी का फैसला अंतिम होगा। केंद्र के अधीन विषयों को छोड़कर अन्य सभी मामलों में अथॉरिटी ग्रुप ए और दिल्ली में सेवा दे रहे DANICS अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग की सिफारिश करेगी।

Uttarpradesh

दस दिन बाद बजनी थी शहनाई, लड़की ने शादीशुदा BF संग मिलकर खाया जहर

बांदा, (एजेंसी) प्रेमियों के लिए 'साथ जियेंगे, साथ मरेंगे' वाली कहावत तो हर किसी ने सुनी ही होगी. लेकिन उत्तर प्रदेश के बांदा में हकीकत में भी ऐसा मामला सामने आया है. यहां एक प्रेमी जोड़े की शादी न हो पाई तो दोनों ने जहर खा लिया. जहर खाने से जहां प्रेमिका की मौत हो गई. वहीं, प्रेमी की हालत गंभीर बनी हुई है. इसी तरह इस लव स्टोरी का The End हो गया.

जानकारी के मूताबिक, चित्रकूट जिले के भरतकूप थाना के एक गांव का रहने वाला युवक बांदा के बदौसा थाना इलाके में रेल विभाग में गेटमैन है. गेटमैन शादीशुदा है और उसके 2 बच्चे भी हैं. कई सालों से पास की एक लड़की से उसका अफेयर चल रहा था. पुलिस के मूताबिक, लड़की के घर वालों ने उसकी शादी किसी और लड़के से तय कर दी थी.

लड़की ने शादी के लिए मना भी किया. वह अपने शादीशुदा प्रेमी से ही शादी करना चाहती थी. लेकिन घर वालों की जिद के आगे उसकी एक न चल सकी. 31 मई को लड़की की शादी थी. जब इस बात का पता लड़की के शादीशुदा प्रेमी को लगा तो दोनों ने तय किया कि वे जिंदा रहते तो एक दूसरे के हो नहीं पाएंगे. इसलिए दोनों ने सुसाइड करने का प्लान बनाया.

दोनों ने गुरुवार की शाम को जहरीला पदार्थ खा लिया. जब उनकी तबीयत बिगड़ी तो घर वालों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया. इलाज के दौरान प्रेमिका की मौत हो गई. वहीं, प्रेमी की हालत अभी गंभीर बनी हुई है. उसका इलाज जारी है.

पुलिस को सूचना मिली तो उन्होंने प्रेमिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया. वहीं, मामले की जांच भी शुरू कर दी है. प्रेमी के होश में आने का इंतजार है. उसके बयान लिए जाएंगे. फिर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

Jammu & Kashmir

पुलवामा और पुंछ में एनआईए की छापेमार कार्रवाई, मोबाइल समेत कई दस्तावेज कब्जे में लिए

जम्मू, (एजेंसी) जम्मू कश्मीर के पुलवामा समेत अन्य इलाकों में एनआईए ने विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए जांच की। सूत्रों के मुताबिक टीम में शामिल लोगों को संदिग्ध दस्तावेज बरामद हुए हैं। उधर पुंछ में सीमापार बात करने वाले व्यक्ति के घर शनिवार सुबह एनआईए की टीम पहुंची।

आरोपी से कई मुद्दों पर पूछताछ कर मोबाइल जब्त कर लिया। इससे पहले राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कश्मीर में 11 मई को कार्रवाई तेज करते हुए पाकिस्तान स्थित विभिन्न प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़े तीन आरोपियों की संपत्तियों को कुर्क कर लिया।

एनआईए के एक अधिकारी ने बताया कि एजेंसी ने आतंकी संगठनों, उनके सहयोगियों, एजेंटों और ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) के खिलाफ कई स्थानों पर छापे मारकर निगरानी बढ़ा दी है। हिजबुल मुजाहिदीन और जैश-ए-मोहम्मद जैसे प्रतिबंधितआतंकी संगठनों के सदस्यों के दो अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों की अचल संपत्तियों को कुर्क किया।

Jharkhand

मुखिया के देवर ने किया 2 बच्चों की मां से रेप, पंचायत ने मामले को दबाया

पलामू, (एजेंसी) झारखंड के पलामू में दो बच्चों की मां को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म किया गया. मुखिया के देवर ने इस घटना को अंजाम दिया. पीड़िता का आरोप है कि उसे रुपयों का प्रलोभन देकर मामले को रफा-दफा करने का दबाव बनाया गया. साथ ही पीड़ित परिवार को घर से निकलने नहीं दिया गया. इस बीच मौका मिलते ही वह पति के साथ महिला सदर थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई. सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि पीड़िता की तरफ से शिकायत मिली है. जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 16 मई की रात मुखिया अंजना के देवर सत्येंद्र सिंह ने इस घटना को अंजाम दिया था.

रात करीब साढ़े दस बजे वह महिला के घर पहुंचा और उससे कहा कि उसका पति शराब के नशे में सड़क पर गिर गया है. महिला हड़बड़ाहट में अपने घर से बाहर निकली, तो आरोपी ने साड़ी से उसका मुंह दबाया और सुनसान जगह ले गया.

खेल

पंजाब किंग्स लगातार नौवें सीजन में लीग राउंड से बाहर, जीत के बाद गुजरात-हैदराबाद के भरोसे राजस्थान

धर्मशाला, (एजेंसी) राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को आईपीएल से बाहर कर दिया। राजस्थान ने इस मैच में चार विकेट से जीत हासिल की। उसने प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को कायम रखा। दूसरी ओर, पंजाब की टीम लगातार नौवें सीजन में लीग राउंड में ही बाहर हो गई। वह पिछली बार 2014 में प्लेऑफ तक पहुंची थी। तब वह उपविजेता रही थी। आईपीएल के 16 सीजन में पंजाब सिर्फ दो बार ही लीग राउंड से आगे बढ़ पाया। 2009 में वह सेमीफाइनल तक पहुंचा था।

राजस्थान को जीत के लिए आखिरी ओवर में नौ रन की आवश्यकता थी। ध्रुव जुरेल और ट्रेंट बोल्ट ने शुरुआती तीन गेंद पर चार रन बना लिए। इसके बाद चौथी गेंद पर जुरेल ने छक्का लगाकर मैच को समाप्त कर दिया।

राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। पंजाब ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 187 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने 19.4 ओवर में छह विकेट पर 189 रन बना लिए। राजस्थान के लिए देवदत्त पडिक्कल ने सबसे ज्यादा 51 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल ने 50 और शिमरॉन हेटमायर ने 46 रन की पारी खेली। रियान पराग ने 12 गेंद पर 20 और ध्रुव जुरेल ने चार गेंद पर नाबाद 10 रन बनाए।

कप्तान संजू सैमसन दो रन ही बना सके। वहीं, जोस बटलर का खराब फॉर्म जारी रहा और वह खाता नहीं खोल पाए। पंजाब के लिए कगिसो रबाडा ने दो विकेट लिए। सैम करन, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस और राहुल चाहर ने एक-एक विकेट लिए।

पंजाब की बात करें तो शाहरुख खान और सैम करन ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाकर टीम को 180 रन के पार पहुंचाया। आखिरी दो ओवर में दोनों ने मिलकर 46 रन बनाए। सैम करन ने 31 गेंद पर नाबाद 49 रन बनाए। जितेश शर्मा ने 44 और शाहरुख खान ने 23 गेंद पर नाबाद 41 रन बनाए। अथर्व तायदे ने 19 और शिखर धवन ने 17 रन का योगदान दिया। लियाम लिविंगस्टोन ने नौ और प्रभसिमरन सिंह ने दो रन बनाए। राजस्थान के लिए नवदीप सैनी ने सर्वाधिक तीन विकेट लिए। उन्होंने अथर्व तायदे, लियाम लिविंगस्टोन और जितेश शर्मा को आउट किया। ट्रेंट बोल्ट और एडम जम्पा को एक-एक सफलता मिली।

सिनेमा

बाइक राइड के बाद क्या मुश्किल में फंस गए अमिताभ बच्चन? फोटो शेयर कर बोले- 'गिरफ्तार' कर लिया गया

अमिताभ बच्चन ने हाल ही में एक शख्स के साथ बाइक पर बैठे हुए फोटो शेयर की थी। अमिताभ पीछे बैठे हुए थे और उन्होंने हेलमेट नहीं लगा रखा था। उनकी फोटो आने के बाद सोशल मीडिया पर कई यूजर्स उन्हें ट्रोल करने लगे और मुंबई पुलिस को टैग कर एक्शन लेने के लिए कहा। पुलिस ने ट्विटर पर बताया कि मामले को आगे बढ़ा दिया गया है। बाद में अमिताभ ने सफाई देते हुए कहा कि वह क्रू मेंबर की बाइक पर बैठे हुए थे और कहीं यात्रा नहीं कर रहे थे। अब अमिताभ ने लेटेस्ट फोटो शेयर की और इसके साथ कैप्शन में लिखा कि वह 'गिरफ्तार' हो गए हैं।

अमिताभ बच्चन एक पुलिस वैन के सामने खड़े हैं। उन्होंने लिखा- 'अरेस्टेड'। अमिताभ ने ब्लैक पैंट और चेक शर्ट पहना है। वह नीचे देख रहे हैं और इंटेस एक्सप्रेशन दे रहे हैं। कमेंट मे जोमाटो ने मुंबई पुलिस को टैग कर कहा, 'क्या अंदर खाना भिजवा सकते हैं?' एक फैन कहते हैं, 'डॉन को पकड़ना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन है सर।' एक यूजर लिखते हैं, 'आखिरकार डॉन को मुंबई पुलिस ने पकड़ लिया।' एक फैन ने लिखा, 'भूतनाथ को कई अरेस्ट नहीं कर सकता।' एक यूजर कहते हैं, 'देखा अपनी लापरवाही का नतीजा।'

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।